2017

HINDI

[Honours]

PAPER – VII

Full Marks : 90

Time : 4 hours

The figures in the right hand margin indicate marks

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable

Illustrate the answers wherever necessary

[NEW SYLLABUS]

खण्ड — क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 15 × 2

(क) 'चन्द्रगुप्त' नाटक के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को अपने शब्दों में लिखिए ।

(*ख*) 'लहरों के राजहँस' नाटक के मूल भाव का विश्लेषण कीजिए।

(*ग*) 'रिपोतार्ज' के मूल तत्वों के आधार पर 'एकलव्य के नोट्स' की समीक्षा कीजिए।

(*घ*) 'शिरीष के फूल' निबन्ध के आधार पर हजारी प्रसाद द्विवेदी के वक्तव्य को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड — ख

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *चार* गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8 × 4

(क) किसी परिमित वर्ग के कल्याण से सम्बन्ध रखनेवाले धर्म की अपेक्षा विस्तृत जन समूह के कल्याण से सम्बन्ध रखनेवाले धर्म उच्च कोटि का है।

(*ख*) स्पष्ट है कि यह मार्ग बड़े आदमी ही अपना सकते हैं, जिनके बयान का महत्व जितना उसकी विषय वस्तु के कारण हो उतना ही वक्ता के नाम के कारण।

(*ग*) भींगती रात में अनसोये वात्सल्य का स्वर राह तलाशता रहेगा — किस ओर राम मुड़े होंगे, बारिस से बचने के लिए ? किस ओर ? किस ओर ? बता दो सखी।

(घ) तुम.... ! कितने-कितने बिन्दु खोजे हैं, आजतक तुमने ? ... जाओ, कुछ और शब्द ढूँढो ... फिर भी वही के-वही बने रहते हो तुम ? वही .... वही ।

(ङ) चुपचाप । पर मौन में भी मुझे लगा कि कुछ बदल गया है । साथिन से पूछा "क्या बात है ?" और उसके बदले हुए स्वर से चौंक गया— "इन सिपाहियों ने आकर सबकुछ बिगाड़ दिया ।"

(च) भवनों को यहाँ से हटाना है और उन्हें जिस प्रकार हो, भारतीय सीमा से बाहर करना है । इसलिए शत्रु की नीति से ही युद्ध करना होगा ।

खण्ड — ग

3. निम्नलिखित में से किन्हीं *पाँच* पर टिप्पणी लिखिए : 4×5

(क) नाटक की अर्थ प्रकृति ।

(ख) 'जोंक' का प्रतीकात्मक अर्थ ।

(ग) 'बिबिया' रेखाचित्र का उद्देश्य ।

(घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी की सांस्कृतिक चेतना ।

(ङ) करुणा और दया में अन्तर ।

(च) 'मशीन' नाटक का मूल वक्तव्य ।

(छ) निबन्ध और आलोचना में अन्तर ।

खण्ड — घ

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *आठ* के उत्तर दीजिए : 1×8

(*क*) 'अजातशत्रु' किसकी रचना है ।

(*ख*) 'कुटो का प्रतीकात्मक महत्व है' किसका कथन है ?

(*ग*) 'धर्म भावना का उनकी भक्ति भावना से सम्बन्ध है' किसका कथन है ।

(*घ*) 'चिन्ता मणि' के रचनाकार का नाम लिखिए ।

(*ङ*) 'श्रृंखला की कड़ियाँ' किसकी कृति है ?

(*च*) सौन्दर्य नन्द किस नाटक का पात्र है ?

(*छ*) 'त्रिशंकु' निबन्धकार का नाम लिखिए ।

(*ज*) रेखाचित्र और संस्मरण में दो अन्तर लिखिए ।

(*झ*) भारतेन्तु युगीन दो निबन्धकारों के नाम लिखिए ।

(*ञ*) 'विचार प्रवाह' निबन्धकार का नाम लिखिए ।

(*ट*) जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित एक स्त्री प्रदान नाटक का नाम लिखिए ।